# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

पत्रांक : कमेटी सैल/7773
दिनांक : 31.08.2026

## प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित विषयों में प्री0 पी0एच–डी0 कोर्स वर्क (सत्र 2025–26) की मुख्य परीक्षा एवं सत्र (2024–25) में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की भूतपूर्व एवं बैक पेपर परीक्षाओं हेतु परीक्षा **फार्म भरने हेतु छात्रों को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये** निम्नानुसार तिथियाँ विस्तारित की जाती है:–

**उपरोक्त परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म भरने एवं जमा कराने की तिथियां निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैं:–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विश्वविद्यालय वेबसाईट पर परीक्षा फार्म ऑन लाईन उपलब्ध होने की प्रारम्भिक तिथि | 21.08.2026 |
| 2. | अभ्यर्थियों द्वारा ऑन लाईन परीक्षा शुल्क एवं परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि | 10.09.2026 |
| 3. | भरे गये परीक्षा फार्म को विश्वविद्यालय परिसर/सम्बद्ध महाविद्यालयों (शोध केन्द्रों) पर जमा कराने की अन्तिम तिथि | 15.09.2026 |
| 4. | शोध केन्द्रो द्वारा परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा कराने की अन्तिम तिथि | 18.09.2026 |

नोट:–

1. कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि अन्तिम तिथि के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी का कोई भी फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा केवल अर्ह छात्रों के ही परीक्षा फार्म ऑनलाईन पोर्टल पर अग्रसारित करने का कष्ट करें।
2. कतिपय कोर्स समन्वयकों द्वारा अभी तक अर्ह अभ्यर्थियों की सूची उपलब्ध नही करायी है, कृपया तत्काल कमेटी सैल को अर्ह अभ्यर्थियो की सूची बैक एवं एक्स छात्रों के विवरण के साथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिससे उन छात्रों के परीक्षा फार्म भरे जा सकें।

परीक्षा नियंत्रक

***प्रतिलिपि***:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को अपने सम्मानित दैनिक समाचार–पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए छात्रहित में, निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
2. विभागाध्यक्ष/प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त शोध परीक्षा केन्द्र, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने हेतु प्रेषित।
3. वैयक्तिक सहायक कुलपति को कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. आशुलिपिक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
5. उपकुलसचिव (परीक्षा)।
6. प्रभारी, (सीक्रेसी), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
7. आशुलिपिक कुलसचिव।
8. शोध पंजीयन विभाग।
9. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
10. प्रभारी, वेबसाइट/कम्प्यूटर केन्द्र।
11. विश्वविद्यालय सूचना पट।

परीक्षा नियंत्रक